प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.01.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नौतोड़ भूमि प्रस्ताव पर राजभवन ने कुछ आपतियां लगाई हैं जिनका जवाब सरकार से मांगा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से अब तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिला है। राज्यपाल ने कहा कि वे नौतोड़ के खिलाफ नहीं है मगर हर कार्य नियमों के अनुसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज जुब्बल–कोटखाई, नावर विधानसभा क्षेत्र के तहत गुम्मा में सी.ए. स्टोर का उद्घाटन करेंगे। वे कोटखाई में मिनी सचिवालय भवन के उद्घाटन के अलावा ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री फागू में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का उद्घाटन भी करेंगे।

पानी घोटाला

शिमला ज़िला के ठियोग उपमंडल में हुए कथित पानी घोटाले में जल शक्ति विभाग ने प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करते हुए विभाग के 10 जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा विभाग ने संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैकलिस्ट करने के आदेश जारी किए हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता योगराज शर्मा............

भूंडा महायज्ञ

शिमला जिला में रोहड़ उपमंडल के दलगांव में जारी भुंडा महायज्ञ के तीसरे दिन आज मुख्य रस्म बेड़ा निभाई जाएगी। इस रस्म में एक विशेष व्यक्ति घास की सैंकड़ों मीटर लंबी रस्सी पर लकड़ी की काठी पर फिसलकर एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचेगा। 39 वर्षों बाद आयोजित किए जा रहे इस महायज्ञ में कल शिखा पूजन व फेर रस्म निभाई गई।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हैं। बीते कुछ दिनों में मौसम के साफ रहने से दिन के तापमान में मामूली वृद्धि हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी व वर्षा होने का अनुमान लगया है।

प्रशिक्षण

प्रदेश में शिवा प्रौजेक्ट के तहत बागवानी गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कांगड़ा, मण्डी, सिरमौर और हमीरपुर के उद्यान व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के एक दल ने राष्ट्रीय जल अकादमी पुणे में प्रशिक्षण हासिल किया।

एचपी शिवा परियोजना के निदेशक डॉक्टर देवेन्द्र ठाकुर ने बताया कि इन अधिकारियों को 30 दिसंबर से 3 जनवरी तक लघु सिंचाई प्रणाली में सॉफ्टवेयर डिजाईन और जल प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

शिमला जिला के ठियोग उपमंडल में जलशक्ति विभाग में हुए कथित घोटाले संबंधी ख़बर को अमर उजाला ने सुर्खी दी है–टैंकरों से पानी देने के नाम पर घोटाले में 10 अफसर निलंबित। इसी ख़बर को दैनिक जागरण, पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल ने भी अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

भूंडा महायज्ञ से जुड़ी ख़बर पर पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है– आज सूरत निभाएंगे सांसे थमा देने वाली मुख्य बेड़ा रस्म।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–गरीबों को मिलेगी तीन सौ यूनिट फ्री बिजली। आपका फैसका के शब्द हैं–मुख्यमंत्री  ने ई–कॉमर्स बेवसाइट का किया शुभारंभ।

———————————————